# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# रुद्रप्रयाग के सिरवाड़ी गांव में फटा बादल

## चमोली में बोल्डर की चपेट में आने से ईओ की मौत

**कहर**

■भूस्खलन के चलते भी बाधित हो रहा है यातायात



**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में रविवार देर रात से हो रही बारिश से बरसाती नदियां उफान पर हैं। भूस्खलन के चलते यातायात भी बाधित हो रहा है। रुद्रप्रयाग जिले के विकास खंड जखोली के सिरवाड़ी गांव में बीती रात को बादल फटने से आधा दर्जन आवासीय भवनों के ऊपर मलवा आ गया। गांव को जाने वाली सड़क, संपर्क मार्ग, पेयजल और विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ग्रामीणों की सिंचित व असिंचित भूमि भी नष्ट हो गई। बता दें कि वर्ष 1986 में इस गांव में बादल फटने से कई ग्रामीणों की जान गई थी। वहीं, चमोली जिले के गोपेश्वर–पोखरी सड़क पर कार के ऊपर बोल्डर गिरने से पोखरी के नगर पंचायत के ईओ नंदराम तिवारी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चार लोग वाहन में सवार थे। इसी दौरान चट्टान से छोटे–छोटे पत्थर गिरते देख वाहन से जहां तीन लोग चिल्लाते हुए बाहर निकल गए, लेकिन वाहन चला रहे ईओ नंदराम तिवारी को भागने का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते कार बोल्डर की चपेट में आ गई। इससे उनकी मौत हो गई।

**टिहरी में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौतः** टिहरी जिले के नैनबाग तहसील के तहत ग्राम बिच्छू के डांडा छानी में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति जयेंद्र सिंह की मौत मौके पर हो गई। सोमवार को तहसील नैनबाग के अंतर्गत ग्राम बिच्छू के तहत डांडा छानी में लगभग 10 बजे पशुपालक अपनी मवेशियों को बाहर खोलते वक्त दरवाजे में पहुंचते ही आकाशिय बिजली गिरने से जयेन्द्र सिंह (58) पुत्र गुलाब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे परिवार का मुख्य होने के कारण परिवार की आर्थिकी प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

मसूरी के पास कैम्पटी फॉल में उफान आने से आसपास की दुकानों में मलबा घुस गया। इसके अलावा चमोली जिले में रातभर से हो रही बारिश अभी थम गई है। बदरीनाथ हाईवे लामबगड़, पागलनाला, क्षेत्रपाल में भूस्खलन से बंद है। सोमवार को केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवाजाही शुरू हो गई है। 300 यात्री सोनप्रयाग से केदारनाथ के लिए रवाना हुए हैं।

कुमाऊं में भी हालात गढ़वाल की तरह ही हैं। रुद्रप्रयाग जनपद के केदारघाटी में रात से तेज बारिश हो रही है। गौरीकुंड हाईवे तीन स्थानों पर मलबा आने से अवरुद्ध है। जखोली में भी बारिश से बरसाती गधेरों (नालों) में जलस्ध्तर बढ़ गया है। चीन सीमा को जोड़ने वाली सड़कें मलबे से बंद हैं। वहीं पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में पैदल मार्गों पर बने दो पुल बह गए हैं।

## न्यूज डायरी

### कोरोना को दावत देने में लगे आठगांव शिलिंग के फुटबाल टूनामेंट आयोजक

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद के आठगांव शिलिंग में फुठबाल टूनामेंट का आयेजन कर कोरोना महामारी को गांव के कुछ युवा खुलेआम दावत देने में तुले हुए है। बता दें कि जिले में वैशिविक महामारी कोरोना के चलते समस्त सामाजिक व खेलकूद संबंधी गतिविधियों पर विशेषतह पूरी तरह से रोक लगी हुई है। जानकारी के मुताबिक जिले के आठगांव शिलिंग के खेलकुद मैदान पर चोरी छिपे गांव के युवा आयोजक क्षरा ग्प्रमीणों की जिंदगी को दाव पर रखते हुए कोरोना महामारी को खुलेआम अवसर दिया जा रहा है। यहां विभिन्न गांवों से खिलाडी प्रतिभाग करने आ रहे है। वही बिना किसी स्वास्थ जांच के यह टूनामेंट चल रहा है। जिला प्रशासन को इसकी भनक तक नही लग सकी है। ऐसे में जिला प्रशासन ने इस पर तत्काल जानकारी लेते हुए इस आयेजन पर रोक लगानी चाहिए वरना क्षेत्र में कोरोना काखतरा बढ़ने का खासा असर पड़ेगा।

### बीआरओ की लापरवाही सामने आई

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जौलजीबी–मुनस्यारी मोटर मार्ग में सालधार में चट्टान से गिरे पत्थर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुई बीआरओ मजदूर खीला देवी को आपके मदद की आवश्यक्ता है। आपरेशन तो हो गया है, लेकिन हल्द्वानी के एक निजि अस्पताल को इलाज में हुए खर्च की राशि दो लाख रुपये देने के लिए सक्षम नहीं होने के कारण घर नहीं आ पा रही है। बीआरओ की इस मामले में लापरवाही भी सामने आई है। बरम निवासी 35 वर्षीय खीला देवी के पति एक मामले में चार साल से जेल में बंद है। तीन बच्चो के साथ बूढ़े सास व ससुर की जिम्मेदारी भी इसी के कंधो पर है।

### आपदाग्रस्त धापा गांव के आपदा प्रभावित गांव में ही कैद होकर रह गए

**संवाददाता** मुनस्यारी। शनिवार व रविवार की रात्री को हुई मूसलाधार बारिश के कारण आपदाग्रस्त धापा गांव के आपदा प्रभावित गांव में ही कैद होकर रह गए। जिस कारण प्रभावित पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार तहसील का घेराव गांव से आकर नहीं कर सके। धापा गांव से बाहर फंसे ग्राम प्रधान सहित कुछ प्रभावितो ने जिला पंचायत सदस्य के साथ तहसील कार्यालय का सांकेतिक घेराव किया. धापा के प्रभावितो के समर्थन में ग्राम प्रधान भी आज खुलकर सामने आ गए। दो दिन से हो रही भारी बारिश ने फिर सीमांत के हालात खराब कर दिए है। धापा गांव में दो दिन के भीतर दस मकान टूट गए। दरांती में भी एक मकान टूट गया है। धापा के प्रभावितो ने आज चार मांगो को लेकर तहसील कार्यालय घेराव की चेतावनी दी थी,लेकिन सड़क व गांव में मलवा व पत्थर गिरने से एक भी प्रभावित गांव से बाहर नही आ पाया।

# पुरोला में पॉजिटिव केस आने से हड़कंप,गली को किया सैनेटाज

■एक सप्ताह पूर्व दून से एक अन्य व्यक्ति के साथ,मोटर साइकिल से आया था

■प्रशासन जुटा ट्रैवल हिस्ट्री खंगालने में,साथी को भी किया कोरेंटाईन

**संवाददाता** पुरोला। सोमवार को नगर पंचायत पुरोला के मंदिर मार्ग वार्ड नंबर0 6 में एक व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने की सूचना से प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वही नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय प्रशासन ने पॉजिटिव व्यक्ति को फिलहाल कोरेंटाईन सैंटर जीएम वीएन में रखा गया है,जबकि साथी को भी कोरेंटाईन दिया गया है वही मंदिर मार्ग व हॉस्पिटल गली को 2 घंटे तक आवाजाही बंद कर सैनेटाईज किया गया है।

बीते मंगलवार को मंदिर मार्ग में रहने वाले एक कारिगर अपने दूसरे साथी के साथ मोटर साइकिल से देहरादून से आया था,उसी दिन उसकी सैंपलिंग की गई थी, जिसकी रिपोर्ट सोमवार को पॉजिटिव आई प्रशासन ने व्यक्ति को उसके साथी समेत कोरेंटाईन सैंटर जीएमवीएन में रखा गया है।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि बताया कि उक्त दोनो लोग वर्कशाप में कारिगर हैं,बीते मंगलवार को मोटर साइकिल से पुरोला आये थे,दोनो मंदिर मार्ग गली में रहते हैं,उसी दिन दोनों की सैंपलिंग की गई। जिनमें गुलशाद की आज रिपोर्ट पाजिटिव है जबकि दूसरे की अभी रिपोर्ट नहीं आई,जबकि दोनों को जीएमवीएन में पहले से ही कोरेंटाईन हैं।

उतरकाशी भेजने को एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही है जबकि मंदिर गली को 2 घंटे तक आवाजाही रोक कर सैनेटाईज किया गया है।



### आपदा प्रभावितों ने कुमांऊ कमीश्नर का 12 अगस्त को घेराव करने का फैसला वापस लिया

**संवाददाता** मुनस्यारी। एसडीएम बीएस फोनिया से सोमवार को हुई वार्ता के बाद रांथी, बलौटा, गरानियां के आपदा प्रभावितो ने कुमांऊ कमीश्नर का 12 अगस्त को घेराव करने का फैसला वापस ले लिया। अब घेराव की जगह आयुक्त से हर बिन्दू पर विस्तार से बातचीत होगी। जिप सदस्य जगत मर्तोलिया की आपदा प्रभावित क्षेत्र में हुई बैठक के दौरान अपनी उपेक्षा से तंग आ चुके आपदा प्रभावितो ने मुनस्यारी आ रहे कुमांयू आयुक्त का घेराव करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद आज प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम बीएस फोनिया ने आज रांथी सहित आपदा प्रभावित गांवो का दौरा कर समस्याओ के समाधान के लिए बी.आर.ओ. सहित अन्य विभागो की नकेल कसा।

# चीन के इशारे पर नेपाल कर रहा है उकसाने वाली हरकत

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

नापाक हरकतें: नेपाल ने सड़क तैयार करने को उतारी सेना

पिथौरागढ़। भारत में चीन सीमा तक जाने वाली गर्बाधार लिपुलेख सड़क बन जाने के बाद से नेपाल चीन के इशारे पर अन्तरराष्टीय सीमा पर एक बार फिर से उकसाने वाली हरकत करते नजर आ रहा है। बता दें कि भारत के समांतर सीमा क्षेत्र में सड़क निर्माण की कोशिश में एक बार नेपाल ने ठेकेदार न मिल पाने के कारण सड़क तैयार करने के लिए सेना की मदद ली है। जानकारी के मुताबिक भारत ने साल 2008 सड़क निर्माण का काम शुरू किया था।

नेपाल ने भारत की गतिविधि पर कोई सवाल जवाब नही किया। जहां एक ओर भारत द्वारा अब सड़क पूरी तरह से बना ली गई है वही नेपाल नापाक हरकतें करने को तैयार हो चुका है।

जानकारी के मुताबिक नेपाल ने अब तक अपने क्षेत्र खलंगा दार्चुला से तिंकर तक 120 किमी सड़क बनने का दावा करने की नाकाप कोशिश की है। सडक निर्माण की जिद पर उतारू हुए नेपाल ने क्षेत्र में 14 सैनिक व इंजीयिरिंग कोर के अधिकारी शामिल करने का एक बार फिर दावा प्रस्तुत कर उकसाने की गतिविधि कर दी है। इस नापाक हरकतों के पीछे चीन की पूरी सक्रियता नजर आ रही है। वही नेपाल ने दावा किया कि उसके द्वारा पैदल मार्ग ठीक करने के बाद सडक निर्माण के लिए ठेकेदारों को बुलाया भी गया था। विषम भौगोलिक परिस्थितयों के कारण ठेकेदारों ने मना कर दिया। इस बावत धारचूला के उपजिलाधिकारी एके शुक्ला ने बताया कि नेपाल के द्वारा सीमा क्षेत्रपर उडान भरने के साथ ही सडक निर्माण के काम के लिए सेना के के जवान उतारे और इलाके का सर्वे भी किया है।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस मामले के बाद सीमा पर निगरानी तेज कर दी गई है। वही इस मामले की जानकारी मौके पर उच्च्य अधिकारियों को दे दी गई है।

### राज्य आन्दोलनकारी डा. मदन मोहन सुन्दरियाल के निधन पर शोक जताया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी मंच ने वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारियों डा. मदन मोहन सुन्दरियाल के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने बताया कि वरिष्ठ राज्य आन्दोलनकारी नंदन सिंह रावत (53) व सरोजनी देवी (74 वर्ष) सरोजनी देवी के पिता भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे। राज्य आन्दोलनकारी मंच द्वारा दोनों के निधन पर दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि नंदन सिंह रावत कोरोना से पीड़ित थे जबकि सरोजनी देवी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। उन्होने कहा कि जिन आन्दोलनकारियों की बदौलत हमें यह राज्य मिला वह अब धीरे–धीरे व्योवृद्ध होने के कारण: अब दुनिया छोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि नंदन सिंह रावत I अंतिम संस्कार आज नई दिल्ली बोध गया घाट पर हुआ, जबकि सरोजनी देवी का अंतिम संस्कार हरिद्वार मैं हुआ।